पंजीकरण संख्या –379 / 98–99

# सुमेधा

स्वर्गीय श्री मिट्ठा लाल मेहता
भूतपूर्व मुख्य सचिव, राजस्थान
संस्थापक अध्यक्ष,

डॉ. रश्मि जैन
सचिव सुमेधा

श्रीमती कमला मेहता
अध्यक्ष

5–केशव विहार,
गोपालपुरा बाईपास
जयपुर– 302018
फोन.नं. 0141–2761191
sumedhascholarship@gmail.com
Website: www.sumedha.org

सुमेधा / 2025–26 / 270

दिनांक: 17–07–2025

प्राचार्य,

**Mohanlal Sukhadia University, Udaipur**

प्रिय प्राचार्य जी,

गरीब परिवारों के मेधावी छात्र–छात्राओं को हम, सुमेधा जो कि एक अलाभकारी पंजीकृत संस्था है, के माध्यम से उच्च शिक्षा के लिये आर्थिक सहायता प्रदान करते है। पिछले वर्ष लगभग 340 छात्र–छात्राओं को 29.5 लाख रुपए की सहायता दी गई थी। हमारे द्वारा सहायता केवल उन्हीं छात्र–छात्राओं को दी जाती है जिन्होंने पिछली सार्वजनिक परीक्षा में सैद्धान्तिक प्रश्नपत्रों में कम से कम 75 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हों तथा जो साधनहीन परिवारो के हों। जिनके पिता मृत हैं, उनके लिए न्यूनतम अंक 70 प्रतिशत है। हमारा अनुरोध है कि आपके महाविद्यालय में पढ़ने वाले साधनहीन एवं मेधावी छात्रों के प्रार्थना पत्र आप हमें भिजवायें ताकि सुमेधा द्वारा उनकी परिस्थितियों पर विचार कर आवश्यक सहायता देने पर निर्णय लिया जा सके।

आप संकाय के सदस्यों से इस बारे में परामर्श कर उनके द्वारा सुझाए गए नामों को भी हमें प्रेषित कर सकते है। संकाय के किसी सदस्य को हमसे सम्पर्क रखने के लिये अधिकृत कर सके तो बेहतर रहेगा अधिकृत व्यक्ति का टेलिफोन नम्बर भी भेजे, ताकि वह आवश्यकता पड़ने पर हमसे इस बारे में सम्पर्क कर सके।

पिछले वर्ष की तरह इस सत्र 2025–26 में भी सुमेधा के फार्म ऑन–लाईन भरे जा रहे है। आपसे अनुरोध है कि सभी पुराने विद्यार्थीयों के पुनः नवनीकरण व नये विद्यार्थीयों के नवनीकरण फार्म ऑन लाईन भरवाकर हार्ड कॉपी को सत्यापित करकें सुमेधा मे भेजे। किसी भी प्रकार की सहायता के लिए ऊपर दिये गये नम्बरो या ईमेल पर सुमेधा में सम्पर्क करें।

**विशेष : पुराने विद्यार्थी फार्म अवश्य भरे, फार्म भरने के पश्चात छात्रवृति प्राप्त करने के इच्छुक छात्रों को हार्ड कॉपी को आवश्यक दस्तावेजों सहित महाविद्यालय के प्राचार्य से अग्रेषित करानी होगी।**

आवश्यक दस्तावेजों की सूची :

(1.) आय प्रमाण पत्र – ( यदी माता–पिता दोनों कार्य कर रहे हो तो पारिवारिक कुल आय )
(2.) यदि सेवानिवृत हैं तो P.P.O. की प्रतिलिपि (3.) यदि पिता मृत हों तो मृत्यु प्रमाण पत्र
(4.) पिछली उत्तीर्ण परीक्षा की अंकतालिका (5.) फीस रसीद की प्रतिलिपि
(6.) 10वीं व 12वीं की अंकतालिका (7.) राशन कार्ड की प्रतिलिपि
(8.) बैंक खाता पास बुक की प्रतिलिपि (9.) 5 फोटो पासपोर्ट साईज
(10.) परिवार के साथ अपने घर के सामने एक फोटो भी अनिवार्य हैं।

विस्तृत जानकारी हेतु हमारी वेबसाईट: www.sumedha.org देखे।

फार्म भरने की अंतिम तिथि: 15 जुलाई 2025 से 30 सितम्बर 2025 तक।

**Note: – आवश्यकता पड़ने पर फार्म की अंतिम तिथि बढाई जा सकती हैं।**

आपकी

SUMEDHA JAIPUR
For Sumedha

डॉ.रश्मि जैन
सुमेधा सचिव

Student-Section
1. Notice Board
✓2. College Website
3. File
19.7.25

DEAN
Uiversity College of Science
M.L. Sukhadia University
UDAIPUR

CS Scanned with CamScanner